# Greenlawas School, Worli

**प्रथम सत्रीय पुनरावलोकन (२०२५-२६)**

**कक्षा - पाचवी. .** **पूर्णांक-८०**

**दिनांक - ११ -९-२०२५.** **विषय - हिंदी.** **समय - २ घंटे**

---

**सूचना :- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

**शुद्ध भाषा एवं सुवाच्य लेखन अपेक्षित हैं।**

---

**विभाग 'अ' (अंक- ४०)**

**भाषा-विभाग**

**प्रश्न १] निम्नलिखित विषय में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए:- (१०)**

**१) मेरी प्यारी माँ**

**२) रक्षाबंधन**

**३) समय का महत्त्व**

**प्रश्न २] निम्नलिखित मुद्दों के आधार पर एक कहानी लिखिए तथा अंत में उससे मिलनेवाली सीख व शीर्षक लिखिए. . (७)**

**राघव और उसके माता-पिता ------------- उनका सुखी परिवार—----------- राघव का हमेशा कान में इयर फोन लगाकर घूमना-------------माता-पिता का मना करना –----------------राघव का ध्यान न देना ---------------- राघव का इयरफोन लगाकर सड़क पार करना ---------------- राघव का गाड़ी से टकरा जाना-----------दुर्घटना ----------सीख ।**

**प्रश्न 3) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**

**कश्मीर भारत के उत्तर में स्थित हैं। ऊँचे- ऊँचे पर्वतों से घिरी हुई यह घाटी सचमुच पृथ्वी का स्वर्ग है। पर्वतों की ढलानों पर देवदार, चीड़ और सफेदे के वृक्षों की पंक्तियों मन को आकर्षित कर लेती है। यहाँ कहीं तो पानी की स्वच्छ झीले हैं और कहीं कल - कल करते झरने बहते हैं। बर्फ से ढकी पर्वत मालाएँ है। पहाड़, झील, झरने, वन, उपवन, चरागाह, सीढ़ीनुमा हरे - भरे खेत और फलों से लदे पेड़ इसकी शोभा बढ़ाते हैं। कश्मीर की राजधानी श्रीनगर है जो दो पहाड़ियों के बीच बसा है, एक का नाम है हरिपर्वत और दूसरी का शंकराचार्य पर्वत।**
**डल झील जो मीलों लंबी है ,उसमें बहते हुए खेत देखकर आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहता। ये खेत लकड़ी के बड़े-बड़े फट्टों पर लकड़ी का चूरा. मिट्टी, घास आदि जमा कर, फिर उस पर खाद और मिट्टी बिछाकर तैयार किए जाते हैं। इन खेतों को नावों के साथ बाँधकर यहाँ के लोग इधर- उधर कहीं भी ले जा सकते है। डल झील के किनारे**

**जहाँगीर द्वारा बनवाए गए सीढ़ीनुमा शालीमार और निशात बाग अतिसुंदर है। सम्राट अशोक द्वारा हजारों वर्ष पहले बसाया गया यह नगर अपनी शोभा आज भी बनाए हुए है।**

**प्रश्न :-**

**1. कश्मीर को किसने बसाया था? इसे क्या कहा जाता है ? (२)**

**2. कश्मीर की शोभा किन- किन से बढ़ती है ? (२)**

**3. डल झील के बहते हुए खेतों का वर्णन करो। (२)**

**4. कश्मीर की राजधानी क्या है? वह कहाँ पर बसा है ? (२)**

**5. कश्मीर में कौन- कौन- से प्राकृतिक दृश्य हमारा मन आकर्षित कर लेते हैं? (२)**

**व्याकरण विभाग**

**प्रश्न ४] निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :-**

**i) निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए -**

**1) दिन- 2) असुर - (२)**

**ii) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए - (२)**

**1)सबल 2) उत्तीर्ण**

**iii) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए - (२)**

**१) जो बहुत शर्माता हो**

**२) सत्य बोलनेवाला**

**iv) निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए:- कोई दो (३)**

**१) गाँठ बाँधना -**

**२) आकाश - पाताल एक कर देना**

**३)** एड़ी - **चोटी का जोर लगाना**

v) निम्नलिखित अशुद्ध शब्दों को शुध्द कीजिए. (२)

१) कवी

२) तिथी

vi) निम्नलिखित वाक्यों में सर्वनाम शब्द छाँटकर उसका भेद लिखिए:- (१)

१) मैं कल दिल्ली घूमने गई थी।

vii) निम्नलिखित लोकोक्ति का अर्थ लिखिए - (१)

१) अंधों में काना राजा -

विभाग 'ब' (अंक - ४०)

साहित्य-विभाग

प्रश्न ५ - क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (९)

१)' वर्ल्ड अर्थ डे' मनाते समय बच्चों ने कौन-कौन - से संकल्प लिए थे?

२) हामिद का चिमटा देखकर अमीना के मन में क्या - क्या आया ?

३) हामिद ने खिलौने और मिठाई क्यों नहीं खरीदे ? हामिद ने क्या सोचकर चिमटा खरीदने का निश्चय किया?

ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :- (४)

१)'वर्ल्ड अर्थ डे' पहली बार कब मनाया गया ?

२) सूर्य से निकलनेवाली कौन - सी किरणें हानिकारक होती हैं?

३) नूरे ने कौन-सा खिलौना लिया ?

४) प्रदूषण के कोई दो प्रकार लिखिए।

ग) रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए:-- (४)

i) " वर्ल्ड अर्थ डे' की शुरुआत अमरीकी सैनेटर ____________ नैल्सन ने की थी।

ii) _____________के पूरे तीस रोजों के बाद आज ईद आई है।

iii) हामिद ________________की दुकान पर रुक जाता है।

iv) अध्यापिका______________ के कक्षा में आने पर विद्यार्थियों में अकसर प्रसन्नता की लहर दौड़ जाती है।

घ) किसने किससे कहा लिखिए:- (४)

i) "मैं अब अपना कार्य ध्यान से करूँगा। कभी कॉपी से नहीं कागज़ फाड़ूँगा"

ii) "घर में गंदगी मच गई। ऐसा लग रहा था जैसे सारा घर ही बीमार हो गया।"

iii) "सारे मेले में तुझे और कोई चीज़ न मिली, जो यह लोहे का चिमटा उठा लाया?"

iv) "ले रेवड़ी खा, कितनी खुशबूदार है। "

ङ) उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (४)

i)दामन

a) अचल b)अचाल c) आँचल d) अंचल

ii) खिसिया जाना

a) खुश होना b) लज्जित होना c) सुसज्जित होना d) टूट जाना

iii) प्रमाण

a) सबुत b) सबूत c) साबूत d) शबूत

iv)अपशिष्ट

a) बेकार. b) अपमान c) बेमिसाल d) अच्छा

## कविता - विभाग

प्रश्न ६-अ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

१) बरखा से मन की बातें कौन - कौन करता है? (२)

२) वर्षा ऋतु से पहले कौन - सी ऋतु के आती है? आप वर्षा का किस प्रकार आनंद उठाते है ? (२)

२) पत्र में किस पीड़ा का वर्णन है ? (१)

३) काले बादलों का मोरों पर क्या प्रभाव पड़ता है? (१)

४) गरमी से हाल कैसा है? (१)

५) नीलगगन को पत्र कौन दे आया है? (१)

आ) निम्नलिखित कविता की पंक्तियाँ पूर्ण कीजिए :- (४)

इन मोरों ______________

________________________

________________________

___________________जाओ ।

इ] उचित शब्दार्थ चुनकर लिखिए :- (३)

१) तलैया

a) नदी b) सागर c) बड़ा तालाब d) छोटा ताल

२) नृत्य

a)नाच b) गाना c)उड़ना d) बरसना

३) अंबर

a)वर्षा b) आसमान c)बादल d) असमान

----------------------------------------समाप्त—------------------------------------